### पुलिस ने भेजा जेल, जुन्नारदेव पुलिस की मुस्तैदी, अपहृत बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

# नाबालिग बालिका को थार वाहन में भगा ले जाने वाला मुख्य आरोपी काजू गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नाबालिग बालिका अपहरण कांड में जुन्नारदेव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नाबालिक बालिका का अपहरण कर उसे थार वाहन से भगा ले जाने वाले मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को भी सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



### क्या है पूरा मामला

बीती 27 मई 2026 की सुबह आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू पिता शेख फरीद, उम्र 32 वर्ष, निवासी वेलफेयर जुन्नारदेव ने अपने दोस्त फैजल जमाल की थार वाहन क्रमांक सीजी-04-क्यूएक्स-9980 का उपयोग कर नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों की शिकायत पर थाना जुन्नारदेव में अपराध क्रमांक 202/26, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

### एसआईटी का गठन और पुलिस की दबिश

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशन में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले घटना में प्रयुक्त थार वाहन के मालिक फैजल जमाल को नाबालिग को भगाने हेतु वाहन उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जो वर्तमान में भी जेल में है। इसके बाद जुन्नारदेव पुलिस और स्पेशल टीम ने मुख्य आरोपी काजू के दोस्तों से कड़ाई से पूछताछ की और नागपुर, इंदौर, भोपाल तथा बैतूल जैसे संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी।

### घेराबंदी के बाद आरोपियों ने किया सरेंडर

इसी बीच पुलिस को गोपनीय सूचना मिली कि आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू अपने एक रिश्तेदार और दोस्त माधव सोनी निवासी गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर के घर पर रुका हुआ है। जब स्थानीय पुलिस की मदद से वहां दबिश दी गई, तो आरोपी काजू नाबालिग बालिका को साथ लेकर पुनः थार वाहन से भोपाल की ओर भागने लगा। पुलिस टीमों ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया और चारों तरफ से घेराबंदी कर दी। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर मुख्य आरोपी अरशद उर्फ काजू, उसके सहयोगी माधव सोनी और नाबालिग बालिका ने 14 जून 2026 को पुलिस के सामने जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा आत्मसमर्पण कर दिया।

### दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ीं

पुलिस द्वारा बालिका को सकुशल छुड़ाकर जब उसके बयान दर्ज किए गए, तो बयानों के आधार पर मामले में गंभीर धाराओं का इजाफा किया गया। मुख्य आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू के विरुद्ध अब दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस ने काजू की मदद करने वाले अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जिसमें नरसिंहपुर से काजू के 4 मददगार रिश्तेदार भी शामिल हैं।

### जब्त की गई सामग्री

पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त थार वाहन, 05 नग मोबाइल फोन जिसमें आरोपी और नाबालिग बालिका के फोन शामिल हैं। आरोपी एवं बालिका के कपड़ों से भरा हुआ दो बैग जप्त किए गए। अरशद शेख उर्फ काजू और उसके सहयोगी माधव उर्फ माधव सोनी उम्र 30 वर्ष, निवासी गाडरवारा को न्यायालय जुन्नारदेव के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया है। वहीं, नाबालिग बालिका को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया गया है।

### गिरफ्तारी में इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस पूरे मामले का खुलासा करने और आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुँचाने में थाना प्रभारी जुन्नारदेव निरीक्षक जगोतिन मसराम, उप निरीक्षक मयंक, उप निरीक्षक संजय सोनवानी, उप निरीक्षक पूनम उइके, उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे, उप निरीक्षक अंजना मरावी, उप निरीक्षक चेतन मर्सकोले, साइबर सेल से आरक्षक आदित्य रघुवंशी, आरक्षक संतोष धुर्वे, संदीप झरबड़े, नीलेश पाल, योगेश रघुवंशी, योगेश जांगले और महिला आरक्षक निधि बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थदंड

**छिंदवाड़ा।** सोमवार को माननीय अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायाधीश महेन्द्र मांगोदिया द्वारा थाना नवेगांव के सत्र प्रकरण क्रमांक **ST** 29/2025, अपराध क्रमांक 117/2025 में निर्णय पारित किया गया। आरोपी वंशीराम पिता महादू पन्द्राम, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मडकाढाना को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत सश्रम आजीवन कारावास एवं 5,000/- (पांच हजार रुपये) अर्थदंड से दंडित किया गया है। अपर लोक अभियोजक जुन्नारदेव पंकज श्रीवास्तव के अनुसार 2 जुलाई 2025 को ग्राम मडकाढाना के कोटवार द्वारा थाना नवेगांव को सूचना दी गई कि वंशीराम के मकान में उसकी पत्नी सरिता का शव मिला है। वंशीराम ने सरिता से सम्मेलन में शादी की थी। पुलिस विवेचना में पाया गया कि 1 जुलाई 2025 की रात को सरिता मायके जाने की जिद कर रही थी। उसने वंशीराम से कहा कि तुमने शराब पीने की आदत नहीं छोड़ी तो मैं तुम्हें तलाक दे दूंगी। इसी बात से नाराज होकर वंशीराम ने लकड़ी से सरिता के आंख, सिर, माथे, कमर और पैरों पर लगातार वार कर हत्या कर दी। पुलिस द्वारा कुल 18 गवाह अभियोग पत्र में शामिल किए गए। 11 गवाहों का परीक्षण अभियोजन द्वारा कराया गया। प्रकरण में कोई भी गवाह चश्मदीद नहीं था, परंतु परिस्थितिजन्य साक्ष्य की अटूट श्रृंखला से अपराध प्रमाणित हुआ। माननीय न्यायालय द्वारा लगभग 1 वर्ष में विचारण पूर्ण कर निर्णय सुनाया गया। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक श्री पंकज श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई। प्रकरण के विवेचक निरीक्षक उमेश माको, उपनिरीक्षक महेन्द्र शाक्य एवं उपनिरीक्षक तारूण मरकाम रहे।

### पुलिस को चोरी की घटना में मिली सफलता

## चोरी का 33 दिन में खुलासा, महाराष्ट्र से 3 आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौंसर पुलिस ने नगर के एक घर में हुई चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को 33 दिन बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य कीमती सामान बरामद किया है। बरामद किए गए मशरूके की कुल कीमत लगभग 3 लाख 64 हजार रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी आदित्य पिता देवेन्द्र तूपकर (निवासी वार्ड क्रमांक 09, विठ्ठल मंदिर के पास, सौंसर) ने 13 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोरों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी है।

इस पर थाना सौंसर में अपराध क्रमांक 199/2026 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पांढुर्णा प्रकाश परिहार के निर्देशन एसडीओपी श्रीमती प्रियंका पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. रुपलाल उईके के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने फोरेंसिक यूनिट, साइबर सेल और सीसीटीवी फुटेज के साथ मुखबिर तंत्र का उपयोग करते हुए अफरोज समशाद अंसारी नागपुरसंघर्ष बांगड़े खापरखेड़ा, नागपुर,मन पिता चौरे नागपुर ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का एक अन्य साथी, आयुष शेंडे, वर्तमान में बाल सुधार गृह वर्धा में निरुद्ध है, जिसे जल्द ही विधिवत गिरफ्तार किया जाएगा।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी में नकदी 9,180 रुपये,2 सोने की अंगूठियां, 20 सोने के मणी, सोने का लॉकेट, सोने की मनगटी और चांदी की पायल (कुल अनुमानित कीमत 1,79,500 रुपये के साथ एक बिना नंबर की बर्गमैन स्कूटी (कीमत 1,50,000 रुपये) और एक वर्लपूल फ्रिज शामिल है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रुपलाल उईके, उपनिरीक्षक प्रहलाद बैरागी, आरक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, मनीष टेमरे, राजेन्द्र चौरिया, महिला आरक्षक लता कंगाली और साइबर सेल के आरक्षक अखिलेश हिंगवे की सक्रिय भूमिका रही है।

## सूने घर में हुई सोने- चांदी के जेवरों की चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



थाना चांदामेटा के अपराध क्र. 99/2026 धारा 331(4), 305(ए) BNS के मामले में चोरी गये सोने चांदी के जेवर तथा अज्ञात आरोपी की आधुनिक तकनीकी संसाधनों के तरीके से पतासाजी कर आरोपी मनोज उर्फ मेडी चौधरी निवासी हीरापुर थाना चोपना जिला बैतूल, पंकज साहू निवासी शोभापुर थाना सारणी जिला बैतूल, राजीव उर्फ बिट्टू वानखेडे निवासी बगडोना थाना सारणी जिला बैतूल, प्रथम उर्फ मुन्नू वर्मा निवासी चांदामेटा एवं जावेद बेग निवासी छिन्दवाडा कोहिरासत में लेकर सघन पूछताछ करने पर आरोपीगणों द्वारा प्रकरण के प्रार्थी रणजीत सिंह निवासी चांदामेटा के घर उसी के मोहल्ले में रहने वाले प्रथम उर्फ मुनु वर्मा द्वारा प्रार्थी के परिवार सहित केदारनाथ यात्रा पर जाने से मौके का फायदा उठाकर अपने सहयोगी गिरफ्तारशुदा आरोपियों के साथ चोरी करने का प्लान बनाकर सुने घर का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर चोरी करना स्वीकार करने और मेमोरेंडम कथन अनुसार आरोपियों को विधिवत दिनांक 10.06.2026 को गिरफ्तार कर आरोपियों से मशरूका जप्ती कार्यवाही हेतु दिनांक 15.06.2026 तक का पुलिस रिमांड माननीय न्यायालय से प्राप्त कर आरोपियों से पृथक – पृथक मेमोरेण्डम कथन के अनुसार सोने – चांदी के जेवर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया तथा आरोपियों को दिनांक 15.06.2026 को माननीय न्यायालय ज्यु.रिमांड पर पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । प्रकरण का एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है जिससे सोने – चांदी के जेवर जप्त शेष है ।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

1. प्रथम उर्फ मुन्नू पिता स्व. रमाशंकर वर्मा उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 04 नीची लाईन चांदामेटा थाना चांदामेटा जिला छिन्दवाड़ा ।
2. पंकज पिता अशोक साहू उम्र 35 साल निवासी संजय गांधी वार्ड क्र. 33 शोभापुर कालोनी पाथाखेडा थाना सारणी जिला बैतूल ।
3. राजीव उर्फ बिट्टू पिता राजू वानखेडे निवासी वॉर्ड क्रमांक 36 बगडोना थाना सारणी जिला बैतूल ।
4. मनोज उर्फ मेडी पिता मनोहर चौधरी उम्र 35 साल निवासी ग्राम हीरापुर थाना चोपना जिला छिन्दवाड़ा ।
5. जावेद बेग पिता अलीम बेग उम्र 41 साल निवासी ग्राम खैरी खुर्द थाना चौरई हाल त्रिलोकी नगर छिन्दवाडा विजय मालवीय का किराया मकान थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाड़ा

## पुरुषोत्तम मास पूर्ण होने पर हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ कथा का हुआ समापन



**छिंदवाड़ा।** सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट द्वारा संचालित शहर की हृदय स्थली छोटी बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में पूरे पुरुषोत्तम मास के दौरान आयोजित प्रभु कथा का समापन आज सोमवार को पुरुषोत्तम मास के पूर्ण होने के पावन अवसर पर हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ।मंडल के अध्यक्ष मुकुल सोनी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन सायंकाल आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरे माह मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री द्वारा प्रभु कथा का वाचन किया गया, जिसमें भगवान की महिमा, धर्म, भक्ति, सदाचार एवं मानव जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों का विस्तृत वर्णन किया गया।इस अवसर पर आज प्रातः विधि-विधान से हवन एवं पूजन सम्पन्न हुआ। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला।इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन श्री महिला संकीर्तन रामायण मंडल द्वारा किया गया जबकि सत्यधर्म मंडल के अध्यक्ष मुकुल सोनी, राजू चरणागर, सचिव सतीश दुबे, अरविंद राजपूत, अशोक चौयसिया, सुभाष साहू, अनिल सोनी, निखिल विश्वकर्मा, आशु चौरसिया, राहुल राजपूत, विशाल सोनी, प्रतीक सोनी ने भी अपना योगदान दिया। कथा आयोजन, धार्मिक अनुष्ठानों एवं व्यवस्थाओं में महिला मंडल का सराहनीय योगदान रहा, जिसके लिए ट्रस्ट पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया।सत्यधर्म मंडल ट्रस्ट ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, महिला मंडलों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं।

### सांसद ने कहा मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे विधायक और अन्य दलों के नेता

## सांसद ने विधायक उईके सहित अन्य को भेजा मानहानि का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद ने आरोप लगाने वालों को सार्वजनिक तोर पर माफी मांगने के लिए दिया एक सप्ताह का समयछिंदवाड़ा। विगत दिनों छिंदवाड़ा के चारगांव प्रहलाद में घटित घटना को लेकर जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, कांग्रेस, गोंडवाना एवं अन्य दलों के द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के विरुद्ध प्रदेशभर में झूठे, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण प्रचार के माध्यम से प्रचार करते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि ऐसे निराधार आरोपों के विरुद्ध मानहानि की कानूनी कार्रवाई मेरे अधिवक्ता द्वारा की गई है एवं सभी को नोटिस भेजे गए हैं। विधायक सुनील उइके, कांग्रेस, गोंडवाना एवं अन्य दलों को अधिवक्ता के द्वारा भेजे गये मानहानि के नोटिस में लिखा गया है कि आरोप लगाने वाले सभी लोग सांसद बंटी विवेक साहू से एक सप्ताह के अंदर सार्वजनिक तोर पर माफी मांगे, यदि माफी नहीं मागते है तो मानहानि की कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मेरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। जनता के आशीर्वाद और विश्वास से सांसद बनने के बाद से आज तक मैंने एक भी दिन आराम से घर पर बैठकर नहीं बिताया है।

हर पल, हर समय छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना ही मेरा संकल्प रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, उनके विश्वास को मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। मेरे लिए राजनीति पद नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। क्षेत्र की गलियों से लेकर गांव-गांव तक जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना ही मेरी प्राथमिकता रही है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि कुछ लोगों को छिंदवाड़ा में हो रहे विकास कार्य, बदलती तस्वीर और जनता का बढ़ता विश्वास बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

इसलिए वे झूठ, भ्रम और नकारात्मक राजनीति का सहारा ले रहे हैं। लेकिन छिंदवाड़ा की जागरूक जनता मेरे कार्यों, मेरी निष्ठा और मेरे समर्पण की साक्षी है। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहता हूं कि झूठ की उम्र भले ही कुछ समय की हो सकती है, लेकिन सत्य और सेवा का मार्ग हमेशा जनता के विश्वास से मजबूत होता है।



# डीजल की किल्लत और प्रशासनिक फरमान से किसान परेशान

## विधायक विजय चौरे ने पेट्रोल पंप पहुंचकर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



नगर के वसुंधरा पेट्रोल पंप पर डीजल की भारी किल्लत के चलते किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डीजल न मिलने से खेतों में चल रहे काम ठप पड़ गए हैं, जिससे आक्रोशित किसान लंबी कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक विजय चौरे ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और वरिष्ठ अधिकारियों से डीजल व पेट्रोल की नियमित आपूर्ति बहाल करने का आग्रह किया। विधायक श्री चौरे ने बताया किइस दौरान प्रशासन द्वारा जारी किए गए एक नए निर्देश ने किसानों की मुसीबतें और बढ़ा दी हैं।

अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी स्थिति में केन या प्लास्टिक के डिब्बों में पेट्रोल/डीजल नहीं दिया जाएगा। शासन के इस नियम के तहत, डीजल केवल तभी मिलेगा जब किसान अपना ट्रैक्टर या वाहन लेकर स्वयं पंप पर पहुंचेंगे।

इस नियम का विरोध करते हुए विधायक विजय चौरे ने इसे 'तुगलकी फरमान' करार दिया है। उन्होंने कहा कि ₹यदि खेत के बीचों-बीच ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो जाए, तो किसान ट्रैक्टर लेकर पेट्रोल पंप तक कैसे आएगा? वह तो मोटरसाइकिल या अन्य साधन से ही केन में डीजल लेने जाएगा। इस प्रकार के नियम बनाकर सीधे तौर पर अन्नदाताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है।

इस स्थिति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस ने इसे भारतीय जनता पार्टी की ₹किसान विरोधी नीति₹ बताया है। विधायक विजय चौरे ने चेतावनी दी है कि किसानों के हितों और उनके अधिकारों के लिए कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में अन्नदाताओं के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

## महिला मोर्चा ने महिलाओं से किया संवाद, स्वस्थ जीवनशैली के प्रति किया जागरूक




**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय, छिंदवाड़ा में महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के प्रति जागरूक करना तथा कम खाद्य तेल के उपयोग से पौष्टिक भोजन बनाने के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने वीडियो प्रस्तुति एवं पाक विधियों के माध्यम से महिलाओं से संवाद करते हुए कम खाद्य तेल में स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक पकवान बनाने के तरीके बताए। साथ ही महिलाओं को स्वस्थ खान-पान अपनाने और परिवार के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ललिता वर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती कांता ठाकुर ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं समाज में जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की सेवा पर हुआ कार्यक्रम



**पिपलानारायणवार।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 'सेवा, सुशासन और विकास' के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पीपला नारायणवार में एक विशेष जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों से भेंट की और मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को साझा किया। अभियान के तहत वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. सुधाकर पात्रीकर, डॉ. वामनराव राऊत, राजू परमार, सुखदेव मदनकार, शेषराव मेहकारकर सहित अन्य गणमान्य नागरिकों के निवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की। चर्चा के दौरान सभी ने पिछले 12 वर्षों में भारत द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। उपस्थित जनों ने माननीय प्रधानमंत्री जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया। इस विशेष जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ भाजपा नेता मोरेश्वर मर्सकोले, जिला उपाध्यक्ष रामकृष्ण वाकोडे, दीपक कामडे,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विलास खिरडकर, मंडल अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, सोशल मीडिया विभाग जिला सह संयोजक शिवम जानभोर आदि थे।इनमें प्रमुख रूप से प्रवीण नाहर, विवेक गायकवाड़, विनोद चौधरी,राजेश चड़गे, तेजराव गायकवाड़, नत्थू धांधल,जितेन्द्र बंसोड, विजय दरबारे,चंद्रशेखर वानखेड़े, रामराव मदनकर, रवीन्द्र लव्हाले, संपत राऊत, सुनील चौधरी,नरेश लव्हाले, दिलीप पात्रीकर, जगदीश त्रिवेदी, प्रवीण लामसे, नितेश दंदी, श्याम नासरे, आनंद ठाकुर, संजय दरबारे, प्रकाश ठाकरे रमेश ढोक की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## आज विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यालय सहायक अभियंता (संचा/संधा) उपसंभाग पांढुर्णा द अनुसार अतिउच्चदाब उपकेंद्र 220/132 के.व्ही. पांढुर्णा में मेन बस सेक्शन क्रमांक-2 (Main Bus Section No.-2) का अतिआवश्यक रख-रखाव एवं मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। इसके कारण दिनांक 16 जून 2026 को निर्धारित 33 के.व्ही. फीडरों के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों की विद्युत प्रदाय उक्त अवधि में बाधित रहेगी। कार्य की आवश्यकता अनुसार समयावधि बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है। इन फीडरों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रहेगा प्रभाव 33 के.व्ही. लिंगा फीडर अंतर्गत 16 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे कलमगांव, जाटलापुर एवं मारूड सबस्टेशन के समस्त 11 के.व्ही. फीडरों के उच्चदाब उपभोक्ता प्रभावित होंगे।

33 के.व्ही. राजना फीडर अंतर्गत 16 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे राजना, सिवनी, मोरडोंगरी, लांघा, खैरोपेका, मालेगांव, भुली, दाड़ीमेटा, करवार , उमरामकत्ता, साबजपानी, पारडडी एवं गड़खापा के समस्त 11 के.व्ही. फीडर प्रभावित होंगे।

33 के.व्ही. स्वेन प्लास्टिक फीडर अंतर्गत आने वाले समस्त उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई 16 जून 2026 को प्रातः 08:00 बजे से 11:00 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत कंपनी ने बताया है कि मेंटेनेंस कार्य की दृष्टि से आवश्यकता अनुसार उक्त समयावधि बढ़ाई अथवा घटाई जा सकती है। विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए उपभोक्ता 1912 डायल कर सकते हैं।

## किसानों को केन में डीजल देने पर लगा प्रतिबंध तुरंत हटाया जाए: पुष्पेन्द्र सिंह

**छिंदवाड़ा।** जिला किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने वक्तव्य जारी कर बताया कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर तरह-तरह के नियम कानून लगाकर परेशान किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि वर्तमान में किसान मानसून की दस्तक को देखते हुये अपनी खरीफ फसल की खेतों की बखरानी और बोनी के कार्य में लगा है, अब सरकार द्वारा किसानों को परेशान करने के लिये एक कदम और आगे बढ़ाते हुये तुगलकी फरमान जारी किया गया है कि किसानों को पेट्रोल पंपो से डीजल देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है इससे किसानों का कृषि कार्य में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, और किसान ट्रेक्टर लेकर पेट्रोल पंपो पर जायेंगे तो भीड़ होने एवं असुविधा से किसानों का कीमती समय खराब होगा । उन्होनें किसान हित में जिला किसान कांग्रेस की ओर से उक्त प्रतिबंध को तत्काल हटाये जाने की मांग की है ।

## आबकारी नीतियों की उड़ रही धज्जियां, नगर में खुलेआम संचालित हो रहे अहाते



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

मध्यप्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सौसर में नियमों का खुलेआम उल्लंघन जारी है। मोहगांव रोड पर टीन शेड के नीचे दो 'अहाते' बेखौफ संचालित किए जा रहे हैं, जहाँ सुबह से लेकर देर रात तक शराब परोसी जा रही है। इस अवैध संचालन के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के युवा पदाधिकारियों ने एकजुट होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।कांग्रेस पदाधिकारियों ने एसडीएम के माध्यम से आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया गया कि आबकारी व्यवस्था की कंडिका 2.4 के अनुसार, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए प्रदेश की किसी भी मदिरा दुकान के परिसर में मदिरा सेवन की अनुमति नहीं है। बावजूद इसके, सौसर में नियम को ताक पर रखकर दुकान की छत के नीचे अहाते चल रहे हैं, जो सीधे तौर पर शासन के आदेशों की अवहेलना है। जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे ने बताया कि जब शासन का आदेश इतना सख्त और स्पष्ट है, तो इन अहातों को अभयदान कौन दे रहा है? स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाए हैं कि क्या प्रशासन ने शराब दुकान के साथ-साथ इन अहातों को भी विशेष अनुमति दी है, या फिर यह पूरी तरह से अवैध है। इस दौरान जनपद सदस्य विल्सन मेश्राम, राजा बोडे, जुबेर अली, योगेश अंबाडारे, प्रफुल कड्, अनुभव रुंघे, ऋषभ जिचकार, आशीष गोखे, राहुल येमदे और राजेश उइके आदी थे।

## गुलशन कंपनी ने अस्पताल को भेंट की सामग्री



**सौंसर।** सोमवार को मदद का हाथ बढ़ाते हुए गुलशन पॉलीओल्स कंपनी बोरगाव द्वारा संचालित गुलशन केयर फाउंडेशन ने सिविल अस्पताल सौसर को दानस्वरूप 5 कुलर, एक वाशिंग मशीन एवं एक फ्रिज प्रदान किए। इन संसाधनों का लोकार्पण सोमवार को विधिवत फीता काटकर किया गया।कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, पार्षद प्रशांत बापू ठाकरे, कंपनी के एचआर अनिल दीक्षित, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकडे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर श्री मोहोड ने कहा कि समाज और उद्योगों के सहयोग से ही शासकीय संस्थाओं की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने गुलशन केयर फाउंडेशन की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल में उपलब्ध कराए गए ये संसाधन मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत प्रदान करेंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार होगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकडे ने फाउंडेशन एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन श्याम शर्मा ने किया, जबकि डॉ. रूपेश बोकडे ने आभार प्रदर्शन किया।

## खैरी के 2 युवकों की खैरी की नदी में डूबने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस थाना खैरलांजी अंतर्गत ग्राम खैरी के 2 युवकों की सोमवार को खैरी की नदी में डूबने से मौत हो गई।पुलिस थाना खैरलांजी के एएसआई किशोर माने ने बताया कि ग्राम खैरी निवासी साहिल पिता मनोज भालाधरे 18 साल और अक्षय पिता संजय लानगे 18 साल सोमवार 15 जून को सऊभ लगभग 10 बजे खैरी नदी में नहाने के लिए गए थे। जहाँ पर नहाने के दौरान दोनों युवक नदी पर बने पुल के नीचे गड्ढे में चले गए। जहां से वह बाहर निकल नहीं पाए। घटना की खबर मिलने पर सहायक उपनिरीक्षक किशोर माने, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह नागभिरे, कार्यालय सहायक उपनिरीक्षक आर्मो के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मछुआरों की मदद से दोनों युवकों की खोज करवाई। मछुआरों ने नदी में खोज के दौरान गहरे गड्ढे से दोनों बालकों के शरीर को बाहर निकाला। घटना में दोनों बालकों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर खैरलांजी चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम करवाया और शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामले की जांच जांचकर्ता अधिकारी किशोर मने सहायक उपनिरीक्षक थाना खैरलांजी तथा प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह नागभिरे थाना खैरलांजी तथा कार्य सउनि आरमो द्वारा की जा रही है।

# मॉयल मजदूर का बेटा बना असिस्टेंट प्रोफेसर: MPPSC में चौथी रैंक लाकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज उकवा।

जिले की पहाड़ियों में बसी मैंगनीज नगरी उकवा से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। गांव के निवासी नरेंद्र पिता सरवन बघेल ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल परीक्षा-2024 में प्रदेश में चौथी रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

नरेंद्र के पिता मैंगनीज माइंस में मजदूर हैं। शिक्षा से वंचित रहने के बावजूद उन्होंने हमेशा बेटे को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। नरेंद्र बताते हैं, पिताजी कहते थे - तुम पढ़ाई करना और जीवन में कुछ अच्छा बनना। मेरा परिश्रम, संघर्ष और धैर्य मैंने माता-पिता से ही सीखा।

प्राथमिक शिक्षा उकवा के रविन्द्र नाथ टैगोर से हुई,उसके बाद उकवा के सरकारी स्कूल से साइंस विषय में 12वीं उत्तीर्ण के बाद पीजी कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। पैसे की कमी के चलते नैनपुर कॉलेज से प्राइवेट MA भूगोल किया। एमए फर्स्ट ईयर में ही पहली बार में UGC NET भूगोल क्वालिफाई कर लिया। बाद में भूगोल और इतिहास दोनों विषयों से UGC NET JRF भी क्वालिफाई किया।2022 में पहली बार असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा दी। यह दौर बेहद कठिन था। स्वास्थ्य खराब होने के कारण तीन बार टीबी डिपार्टमेंट जाना पड़ा, खांसते समय खून भी आता था। फिर भी परीक्षा दी, लेकिन मात्र दो प्रश्नों से चयन से चूक गए।




नरेंद्र निराश नहीं हुए। 2024 की परीक्षा का नोटिफिकेशन उनके लिए ₹एक चमक की तरह₹ आया। जी-जान लगाकर तैयारी की और अंततः चौथी रैंक के साथ सफलता हासिल की।

नरेंद्र की इस उपलब्धि पर उकवा सहित पूरे बालाघाट जिले में हर्ष है। ग्रामीणों का कहना है कि नरेंद्र ने साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल पाई जा सकती है। शिक्षक जेम्स बारीक ,खान प्रबंधक निषाद निकोसे,ग्राम सरपंच पंच गुरुजनों परिजनों, मित्रों सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने नरेंद्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राजा भोज के डीएनए की हो सार्वजनिक जांच, फर्जी वंशावली बताने वालों पर हो कार्रवाई : समरीते



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने मालवा के परमार (राजपूत) वंश के शासक राजा भोज के संबंध में विभिन्न व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे वंशज होने के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उनके डीएनए को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। श्री समरीते ने कहा कि ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार परमार (राजपूत) वंश के राजा भोज का शासन मालवा क्षेत्र में रहा है, जबकि बालाघाट क्षेत्र में मराठा तथा हैहय वंश के राजाओं का शासन रहा था। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इतिहास की गलत व्याख्या कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं तथा राजा भोज के शासन क्षेत्र को बालाघाट, गोंदिया और भंडारा तक बताने का दावा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति स्वयं को राजा भोज का वंशज बताते हैं, उनके दावों की वैज्ञानिक जांच होनी चाहिए। इसके लिए राजा भोज के डीएनए का सार्वजनिक परीक्षण कर कथित वंशजों के डीएनए का मिलान कराया जाना चाहिए, ताकि परमार (राजपूत) समाज अपनी वास्तविक पहचान और वंश परंपरा को प्रमाणित कर सके। श्री समरीते ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति फर्जी वंशावली प्रस्तुत कर समाज और इतिहास को भ्रमित करने का कार्य कर रहा है तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इतिहास को तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर ही प्रस्तुत किया जाना चाहिए, जिससे समाज को सही जानकारी मिल सके और ऐतिहासिक सत्य सुरक्षित रह सके।

## सेन शक्ति महा संगठन ने सौंपी नई जिम्मेदारियां, समाज हित में कार्य करने का लिया संकल्प



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सेन शक्ति महा संगठन सेन समाज जिला बालाघाट द्वारा संगठन को सशक्त बनाने और समाज सेवा के कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील एवं विधानसभा स्तर पर नई नियुक्तियां की गई हैं। संगठन की कोर कमेटी ने समाज के प्रति समर्पण, सक्रिय योगदान एवं समाज हित में कार्य करने की अभिरुचि को ध्यान में रखते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे हैं।विभिन्न क्षेत्रों में पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारीजारी नियुक्ति सूची के अनुसार राकेश श्रीवास को विधानसभा लांजी का अध्यक्ष, लक्ष्मण श्रीवास को नगर परिषद लांजी का नगर संयोजक, चैनलाल श्रीवास को विधानसभा लालबर्रा का संयोजक, यशवंतराव लक्षण को विधानसभा वारासिवनी का संयोजक, नंदलाल भारद्वाज को विधानसभा लांजी का ग्रामीण अध्यक्ष एवं चंद्रकुमार श्रीवास को विधानसभा तिरोड़ी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इसके अलावा गुरु श्रीवास को बिरसा-मलाजखंड क्षेत्र का उपाध्यक्ष, विजय श्रीवास को विधानसभा लांजी-किरनापुर का उपाध्यक्ष, सुशील उइके को विधानसभा खैरलांजी का उपाध्यक्ष, ताराचंद सेन को विधानसभा बालाघाट (भरवेली) का उपाध्यक्ष, रमेश सेन को विधानसभा बालाघाट का उपाध्यक्ष तथा शुभम श्रीवास को जिला उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) का दायित्व सौंपा गया है।समाज की एकता और विकास के लिए करेंगे कार्ययह नियुक्तियां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर सेन, जबलपुर संभाग अध्यक्ष संतोष श्रीवास एवं सेन शक्ति महा संगठन जिला बालाघाट के संयोजक डॉ. भुवनेश्वर भारद्वाज के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई हैं। संगठन ने अपेक्षा व्यक्त की है कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी संगठन के संविधान एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन करेंगे। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज की प्रगति, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी समाजजनों को संगठित करना आवश्यक है। सेन शक्ति महा संगठन ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संगठन का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। समाज में संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा की दिशा में इस नियुक्ति को एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल, नागरिकों में जान-माल की सुरक्षा को लेकर भय

# बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए शातिर चोर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बीती रात वार्ड क्रमांक 05 में डाकघर के सामने रहने वाले व्यापारी शंकर नागवानी के घर के परिसर से दो शातिर चोरों ने बाइक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें दो अज्ञात युवक बाइक चोरी करते साफ नजर आ रहे हैं। घटना के बाद से नगर के नागरिकों में जान-माल की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 05 निवासी व्यापारी शंकर नागवानी का घर और दुकान एक ही परिसर में है। 13 जून की रात करीब 11 बजे वह सिनेमा चौक स्थित अपनी दुकान बंद कर घर पहुंचे। उन्होंने अपनी टीवीएस राइडर बाइक क्रमांक एमपी 22 जेडडी 5053, अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए, घर के परिसर में खड़ी कर दी। 14 जून की सुबह जब वह उठे तो बाइक गायब मिली। परेशान होकर शंकर नागवानी ने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में रात करीब डेढ़ बजे दो युवक परिसर में घुसते दिखे। करीब 02 मिनट के भीतर एक युवक ने बाइक लेकर फरार हो गया जबकि उसका साथी भी साथ में मौजूद रहा। शंकर नागवानी ने बताया कि उन्होंने कटंगी थाने पहुंचकर बाइक चोरी की रपट दर्ज करवाई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) की कार्रवाई की गई है। नगर में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वार्डों में बाइक, गैस सिलेंडर चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। कई मकानों और दुकानों को भी अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटंगी में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई संतोषजनक नहीं है।

### कटंगी में चोरी की घटनाएं आम, खुलासा न के बराबर-

नगर में चोरी की यह कोई पहली वारदात नहीं है। पिछले 6 महीनों में कटंगी शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाइक चोरी, गैस सिलेंडर चोरी, सूने मकानों में चोरी और दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की दर्जनों वारदातें हो चुकी हैं। नागरिकों का आरोप है कि कटंगी पुलिस औसतन 10 में से सिर्फ 1 चोरी का ही खुलासा कर पाती है। शेष 9 मामलों में पीड़ति थाने के चक्कर काटकर थक जाते हैं और अंततः निराश होकर बैठ जाते हैं। एफआईआर दर्ज होने के बाद जांच के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। इससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और वे बेखौफ होकर वारदात कर रहे हैं।



### पुलिस का मूल काम अपराध नियंत्रण, लेकिन ध्यान कहीं और-

कटंगी के नागरिकों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस का प्राथमिक दायित्व अपराध पर नियंत्रण करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों में सुरक्षा का भाव पैदा करना है। परंतु बालाघाट पुलिस अपने मूल काम को छोड़कर अन्य गतिविधियों में व्यस्त दिख रही है। एक वरिष्ठ नागरिक ने चुटकी लेते कहा, जिस पुलिस को दिन-रात गश्त कर चोर-उचक्कों पर नकेल कसनी चाहिए, वह बालाघाट पुलिस जिले के एक हिस्से में स्कूलों की दीवारों का रंग-रोगन कर रही है। स्कूलों की पुताई करना, वॉल पेंटिंग बनाना पुलिस का काम नहीं है। इसके लिए शिक्षा विभाग है, पीडब्ल्यूडी है, नगर पालिका है। पुलिस सरकार को खुश करने के लिए यह सब कर रही है, जबकि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। नगर के व्यापारी संघ के एक पदाधिकारी ने कहा, पहले रात में पुलिस की गश्त दिखती थी। चौराहों पर पॉइंट भी लगते थे किंतु अब चोरों को पता है कि पुलिस नहीं आएगी, इसलिए वह आराम से वारदात करते हैं।


**खबर संक्षेप**

## 15 जून से सक्रिय हुआ जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष, 24 घंटे मिलेगी सहायता

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित अतिवर्षा एवं बाढ़ की परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। सचिव गृह एवं समन्वयक, मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय स्थित जिला कॉल सेंटर एवं कंट्रोल कमांड सेंटर (डीसीसीसी) कार्यालय में 15 जून 2026 से 30 अक्टूबर 2026 तक जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा तथा जिले में अतिवर्षा, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदा संबंधी सूचनाओं का संकलन, त्वरित आदान-प्रदान एवं आवश्यक राहत एवं बचाव कार्यों के समन्वय का कार्य करेगा। जिला प्रशासन द्वारा श्री सुरेश कुमार राय, तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन, जिला सिवनी को जिला बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं श्री घनश्याम मर्सकोले, अनुरेखक, तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष का कार्यालयीन दूरभाष क्रमांक 07692-225866 निर्धारित किया गया है। प्रभारी अधिकारी श्री सुरेश कुमार राय से मोबाइल नंबर 9406785454 तथा सहायक प्रभारी अधिकारी श्री घनश्याम मर्सकोले से मोबाइल नंबर 9301662708 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सामान नागरिक संहिता पर नागरिकों से 22 जून तक ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राज्य शासन द्वारा समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। नागरिक अपने सुझाव इसके लिये विशेष रूप से तैयार की गई वेबसाइट ucc.mp.gov.in पर 22 जून तक दे सकेंगे। सामान नागरिक संहिता के बारे में इस वेबसाइट पर सुझाव शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी, परिवार के सदस्य, समाज सेवक, स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, जनप्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों, सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य सभी प्रकार के संगठन और समूहों के सदस्य द्वारा दर्ज कराये जा सकते हैं। वेबसाइट पर सुझाव देने की प्रक्रिया बहुत सरल है। वेबसाइट पर दिये गये फार्म में केवल नाम, लिंग, धर्म, संभाग, जिला, पता, और मोबाइल नंबर अंकित करना है। कुल बारह प्रश्नों के उत्तर हाँ या न में देने के बाद मोबाइल पर आये ओटीपी से सत्यापित करने से सुझाव दर्ज हो जाता है।



## नेपाल में गोल्ड मेडल जीतकर लौटे यश चंद्रवंशी का भोमा में ऐतिहासिक स्वागत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल यूथ गेम 2026 में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले युवा खिलाड़ी यश चंद्रवंशी का जन्मभूमि ग्राम भोमा आगमन पर भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में गौरव और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। रविवार को आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक, खेल, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण मंदिर परिसर से हुई, जहां यश चंद्रवंशी का पुष्पमालाओं एवं जयघोष के साथ अभिनंदन किया गया। इसके पश्चात नगर भ्रमण स्वागत रैली निकाली गई।भोमा नगर में निकली स्वागत रैली के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर युवा खिलाड़ी का अभिनंदन किया। युवाओं एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भोमा का गौरवऔर यश चंद्रवंशी जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

# एक रोड़ कागज में बनाकर तीन बार राशि हड़पने के खेल में सरपंच सचिव और श्री रामचंद्र ट्रस्ट जा सकते हैं जेल

**बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत धपारा गंगेरुआ में 'एक ही सडक़ का तीन बार भुगतान किए जाने का लम्बा खेल, ग्राम पंचायत पर लाखों के गबन का आरोप जनपद पंचायत बरघाट सीईओ और जिला पंचायत अधिकारी भी भ्रष्टाचार के खेल में संलीपत अधर में लटकी निष्पक्ष जांच और कार्रवाई आखिर क्यों मामला उजागर फिर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं संदिग्धों के घेरे में जिला पंचायत और जनपद पंचायत बरघाट अधिकारियों की मिलीभगत से तीन बार बना एक ही रोड! सरपंच-सचिव ने शासन की राशि का किया दुरुपयोग के शासकीय राशि डकारने वालो पर कब गिरेगी गाज..**

**राकेश अगरवार हरीभूमि बरघाट।** बाप बड़ा ना भैया सबसे बड़ा रुपैया सरकार जहां एक ओर तो गांवों को सुंदर बनाने के लिए लाखो की राशि सी सी रोड़ सडक़ बनाने के लिए राशि पहुंचा तो रही हैं परंतु सरकारी जनपद पंचायत अधिकारी जिला पंचायत अधिकारी और ग्राम पंचायत सरपंच सचिव यह शासकीय राशि का दुरुपयोग कर बड़े बड़े घोटाले भ्रष्टाचार कर इन सी सी रोड़ निर्माण को कागजों में बनाकर राशि हड़प कर जा रहे हैं जिससे ग्रामों को साफ सुथरा नही किया जा सक रहा है सिर्फ कागजों में सी सी रोड़ बनाकर शासकीय राशियों का बंदरबांट किया जा रहा है।

ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला बरघाट ब्लाक की ग्राम पंचायत धपारा (गंगेरुआ)का खुलासा हुआ है जिसकी शिकायत कलेक्टर जनसुनवाई में भी की गई है परंतु बहुत दिन बीत जाने के बावजूद भी अब तक सरपंच सचिव पर कोई कठोर कार्यवाही नही की गई है जिससे अब जिले की जनसुनवाई व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए ग्राम पंचायत धपारा गंगेरुआ में एक ही सडक़ को तीन बार बनाकर शासकीय राशि के दुरुपयोग और धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है,ग्रामीण आवेदको ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर एक ही रोड निर्माण कार्य को तीन अलग अलग बार दर्शाकर लाखों रुपये की शासकीय राशि का गबन किया है।



### जनपद पंचायत अधिकारियों की मिलीभगत से एक सडक़, तीन भुगतान हुआ कैसे

भारी गंभीर भ्रष्टाचार का गड़, ग्राम धपारा गंगेरुआ में जिस सडक़ का निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण हो चुका था, उसी कार्य को पुनः दोहराकर तीन बार निर्माण दिखाया गया, आरोप है कि कागजों में अलग-अलग मदों से भुगतान निकालकर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई, ग्रामीणों का कहना है कि सडक़ स्थल पर वास्तविक कार्य की स्थिति और भुगतान की राशि में भारी अंतर है, जिससे भ्रष्टाचार की बू साफ झलकती है। जिसमे जनपद पंचायत बरघाट के अधिकारी और जिला पंचायत के अफसरों की भारी सांठगांठ कर राशि का बंदर बांट कर राशि हड़प ली गई है।

### अब तक अनेकों शिकायतें, फिर भी नही हुई मामले की अबतक कोई जांच आखिर क्यों

वर्षो से जमे जनपद पंचायत बरघाट में पंचायत अधिकारियों और जिला पंचायत के अफसरों ने ग्रामीण क्षेत्रों की भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए पर्दा डालने की ही परंपरा बना रखी है शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इस मामले में अब तक 10 से 12 बार शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है फिर भी कार्यवाही नही हुई है जिससे सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है।

धपारा ( गंगेरूआ) का श्रीराम चंद्र ट्रस्ट का भी हैं इस गंभीर घोटाले में शामिल एक ही रोड़ का तीन बार शासकीय राशि का भुगतान की आंच में अपना हाथ सेंकने वाले श्री रामचंद्र ट्रस्ट ने भी गोल-माल कर ट्रस्ट की आड़ में इस रोड के भुगतान में शामिल होकर एक नया भ्रष्टाचार को छुपाने में शामिल हैं मामले में एक और बड़ा मोड़ तब आया जब यह तथ्य सामने आया कि उक्त भूमि श्रीराम चंद्र ट्रस्ट के अंतर्गत आती है। ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा भी एक बार सडक़ निर्माण कराए जाने की बात सामने आई है, शिकायत के साथ फार्म नं. ढ्ढ ऑडिट रिपोर्ट एवं भुगतान से संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं, यदि ट्रस्ट द्वारा निर्माण कार्य पहले ही कराया जा चुका था, तो फिर पंचायत द्वारा दोबारा और तिबारा भुगतान किस आधार पर किया गया? यह सवाल अब पूरे मामले का केंद्र बन चुका है। इस मामले में अगर हुई निष्पक्ष जांच तक श्री रामचंद्र ट्रस्ट के पद अधिकारी भी होंगे सलाखों के पीछे

### ट्रस्ट की आड़ में लाखो का बंटाधार कुंडली मार बैठे ट्रस्ट के अधिकारी पद का दुरुपयोग कर किया राशि गबन

धपारा (गंगेरूआ) का श्री रामचंद्र ट्रस्ट के पद अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग कर सी सी रोड़ का अनेतिक भुगतान करके राशि डकार बैठे हैं आवेदन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सरपंच, सचिव एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासकीय धन का अवैध लाभ उठाया है। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह न केवल वित्तीय अनियमितता बल्कि आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा। क्योंकि ट्रस्ट की आड़ में अवैध शासकीय राशि डकारने वालो ट्रस्ट पद अधिकारी अध्यक्ष और सचिव की गंभीर भूमिका नजर आ रही है।

### जांच कमेटी गठित कर कलेक्टर से उच्च स्तरीय जांच की मांग

आवेदकों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि:पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं सूक्ष्म जांच कराई जाए संबंधित निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच हो भुगतान विवरण, माप पुस्तिका (एमबी) एवं स्वीकृति पत्रों का सत्यापन किया जाए दोषी पाए जाने पर सरपंच, सचिव एवं संबंधित ट्रस्ट पदाधिकारियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सरपंच सचिव और श्री रामचंद्र ट्रस्ट पर कब होगी कार्रवाई आमजनो की मांग ग्रामवासियों का कहना है कि यदि इस प्रकार एक ही सडक़ को तीन बार बनाकर राशि निकाली जाती रही, तो विकास कार्यों का वास्तविक लाभ कभी जनता तक नहीं पहुंचेगा, अब सबकी निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर शिकायतें फाइलों में दबकर रह जाएंगी? शासकीय राशियों का गलत उपयोग करने वाले दुरुपयोग करने वाले मद का परिवर्तन करने वाले ट्रस्ट और सरपंच सचिव पर क्या जिला प्रशासन लगाम कस पाएगा या नहीं यह समझ के परे है।

## 16 जून से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान का दूसरा चरण एवं 5वीं, 8वीं पुनः परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सभी शासकीय विद्यालयों में 16 जून से शैक्षणिक सत्र 2026-27 पुनः प्रारंभ हो रहा है। इसके लिए राज्य शिक्षा केन्द्र ने 16 जून से 30 जून तक स्कूटल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण आयोजित करने के लिए आदेश जारी किया है । स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शाला में प्रवेश उत्सदव पुनः आयोजित किया जावेगा। जिसमें सम्माणननीय जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित किया जावेगा।

16 जून से 30 जून के द्वितीय चरण के स्कूनल चलें हम अभियान के तहत जो प्रमुख कार्य सम्पाादित किया जाना है उनमें शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन, सभी बच्चों का अपार आईडी बनाया जाना, सभी बच्चों का पाठयपुस्तकों का वितरण किया जाना, गणवेश एवं साईकिल के लिए पात्रता अनुसार प्रक्रिया किया जाना, मिशन अंकुर के तहत बच्चों के सीखने के स्त्र में सुधार की रणनीति बनाया जाना, आंगनवाडी विद्यालय को को-लोकेशन निर्धारित करवाना, स्वच्छ पेयजल की व्यीवस्था सुनिश्चित करना, बालिका शौचालयों की कार्यशीलता सुनिश्चित करना एवं बालसभा तथा पालक शिक्षक संघ की बैठक के दौरान बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु विस्तृत कार्ययोजना बनाना निर्धारित है।राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार 16 जून से ही कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की पुनः परीक्षा प्रारंभ की जा रही है। पुनः परीक्षा के लिए 72 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। जिसमें कक्षा 5वीं के 2056 एवं कक्षा 8वीं के 2880 बच्चें सम्मिलित होगे। बच्चों के प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिये गये हैं।

## कोतवाली पुलिस द्वारा 6 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में अपराधों की रोकथाम एवं लंबे समय से फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा स्थाई वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के प्रकरण में विगत 6 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी सोहेल खान उर्फ गोलू पठान पिता सफीक खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़े मिशन स्कूल के पीछे, सिवनी को दिनांक 14/06/2026 को बस स्टैंड सिवनी से कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार वारंटी

सोहेल खान उर्फ गोलू पठान पिता सफीक खान, उम्र 28 वर्ष, निवासी बड़ा मिशन स्कूल के पीछे, सिवनी।

**विशेष भूमिका**

निरीक्षक सतीश तिवारी, प्रधान आरक्षक मनोज मरावी, आरक्षक प्रतीक बघेल, आरक्षक सतीश इनवाती, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे एवं आरक्षक अजेंद्र पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## जनकल्याण शिविर का धनौरा में हुआ शुभारंभ



**जिला सीईओ अंजली शाह ने दिया पानी की समस्या का निराकरण का आश्वासन**

**धनोरा** विकासखंड धनौरा में 15 जून से 17 जून 2026 तक विकासखंड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन आज आरंभ हुआ। इस शिविर का उद्देश्य समस्त विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं का पात्राधारियों लाभ देना है,विभागों की 111 योजनाओं के आवेदन जनपद धनोरा प्रांगण में सभी विभागों की उपस्थिति में तत्काल निराकृत किए जा रहे हैं।

मुख्य रूप से राजस्व, कृषि उद्यानिकी, सहकारिता, विद्युत, महिला बाल विकास, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विकासखंड स्तरीय समस्त विभाग प्रमुखों की अपने अमले के साथ उपस्थिति रही है। जिला सीईओ श्रीमती साह ने शिविर का निरीक्षण कर उपस्थित लाभार्थियों से संवाद किया,उनके आवेदनों का परीक्षण कर तत्काल लाभ देने व शासन की योजनाओं को सहजता और सरल प्रक्रिया के द्वारा वंचितों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह राजपूत ने शिविर के विशेष प्रचार प्रसार एवं शिविर में ग्रामीण जनों को सुविधाजनक वातावरण में अधिक से अधिक लाभ प्रदान करने की अपील की।

जनपद सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर ने धनौरा क्षेत्र में शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार कर हर गांव से लाभार्थियों को शिविर में भेजने के निर्देश जारी किए हैं।

आज के शिविर में जनपद पंचायत धनौरा के अध्यक्ष गुलाब सिंह भलावी उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह उईके,जनपद सदस्य ममलेश,समेत क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक रूप से बिशन सिंह ठाकुर एसडीएम घंसौर,अमृतलाल धुर्वे तहसीलदार समेत सभी विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान आज लगभग 68 लाभार्थियों को लाभपत्र का वितरण भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह से स्थानीय पत्रकारों के द्वारा संपूर्ण विकास खंड में हो रही पानी की समस्या को लेकर अपनी बात रखी गई जिसमें जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह के द्वारा शीघ्र ही निराकरण की बात कही गई है धनोरा पहुंचे ग्रामीणों ने भी एक प्रांगण में सभी योजनाओं के लाभ सरलता पूर्वक दिए जाने की इस पहल से प्रसन्नता व्यक्त की।

## बारिश में कीचड़ से मिलेगी राहत, काचना में सीसी सड़क का निर्माण शुरू



**सिवनी।** बरघाट जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम काचना में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सड़क बनने से गांव के लोगों को विशेष रूप से बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव से होकर आवागमन करने की समस्या से राहत मिलेगी। यह सीसी सड़क पुनाराम यादव के घर के सामने से ज्ञानदास चौधरी के घर तक बनाई जा रही है। 15वें वित्त आयोग की राशि से स्वीकृत इस निर्माण कार्य की लंबाई 150 मीटर है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग के पक्कीकरण की मांग वर्षों से की जा रही थी, जिसके पूरा होने से आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा।

सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन कार्यक्रम में सरपंच राजेश्वरी संजू परते, उपसरपंच तुमेश्वरी गौतम, सचिव देवेंद्र देशमुख, तोप सिंह यादव, उत्तम पटले, श्याम सिंह राहगडाले सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे गांव के लिए महत्वपूर्ण विकास कार्य बताया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

## भव्य निशान एवं कलश यात्रा आज, नगर भ्रमण के साथ होगा श्याम भक्तों का महासंगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

श्री श्याम परिवार समिति सिवनी द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत मंगलवार 16 जून 2026 को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रातः 8 बजे गणेश-गौरी पूजन के साथ कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे अन्नाधिवास, 11 बजे फलाधिवास एवं दोपहर 2 बजे हवन पूजन संपन्न होगा।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण दोपहर 4 बजे निकलने वाली भव्य कलश एवं निशान यात्रा रहेगी। यह यात्रा श्रीराम मंदिर शुक्रवारी से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर, ऑरेंज सिटी कॉलोनी, नागपुर रोड तक पहुंचेगी। यात्रा में बाबा श्याम की आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे, ढोल तथा सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर बाबा श्याम के जयकारे लगाएंगे।

सायं 6:30 बजे रेशमाधिवास एवं रात्रि 7 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। इस अवसर पर राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक श्री बंटू भैया जी नजफगड दिल्ली एवं श्री श्याम शुभम जी नागपुर अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे।

कार्यक्रम स्थल पर बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार एवं विशेष श्याम रसोई की व्यवस्था भी रहेगी। समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण "बाबा का खजाना" भी रखा गया है, जिसके अंतर्गत निशान एवं कलश यात्रा में सहभागी भक्तों में से 11 भाग्यशाली श्रद्धालुओं को बाबा का खजाना इनामी कूपन के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

श्री श्याम परिवार समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## 40 गरीब छात्रों को रजिस्टर और पेन बांटकर कोचिंग का शुभारंभ

### उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित है निशुल्क कोचिंग



छपारा। नगर छपारा के रविदास भवन में उषांकर चैरिटेबल एण्ड एज्युकेशनल ट्रस्ट के द्वारा संचालित निशुल्क कोचिंग सेन्टर में गरीब परिवार के छात्रों को उनकी कक्षा अनुसार निःशुल्क कोचिंग देकर अध्यापन कार्य बीत वर्ष से लगातार संचालित है। संचालित कोचिंग में सोमवार को छपारा के समाजसेवी श्री जुजर हुसेन ने सत्र 2026 -2027 मैं कोचिंग प्रारम्भ होने पर 40 गरीब छात्र छात्राओं को रजिस्टर एवं पैन देकर बच्चों का शिक्षा के प्रति उत्साहवर्धन किया और संस्था द्वारा दी जाने वाली निशुल्क कोचिंग की सराहना की

## कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना आज कुरई में सुनेंगी आमजन की समस्याएं

### विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी रहेंगे मौजूद

**जिले के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार, 16 जून को कुरई विकासखंड मुख्यालय में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनेंगी तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगी। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, सामाजिक न्याय सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जिससे नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा सके। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन और आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित होकर शासन-प्रशासन से सीधे संवाद का लाभ उठाएं। विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक सशक्त बनाना है।

## ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन में सिवनी की उल्लेखनीय उपलब्धि

# अब तक 133 दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ को चिन्हित कर किया गया डिजिटाइजेशन

## जिलेवासियों से निजी संग्रहों की जानकारी साझा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ₹ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि मिशन₹ के अंतर्गत सिवनी जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण एवं संरक्षण अभियान तेजी से संचालित किया जा रहा है। जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक एवं बौद्धिक धरोहरों को खोजने और संरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस विशेष अभियान को प्रारंभिक चरण में ही उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है।

जिला प्रशासन सिवनी एवं जिला पुरातत्व संग्रहालय के संयुक्त प्रयासों से अब तक जिले के विभिन्न धार्मिक स्थलों, मंदिरों एवं निजी संग्रहों से कुल 133 प्राचीन पाण्डुलिपियों को चिन्हित कर सफलतापूर्वक ज्ञान भारतम एप पर अपलोड किया जा चुका है।

इन पाण्डुलिपियों में लगभग 150 से 250 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पोथियाँ, पुराण, धार्मिक ग्रंथ तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल हैं। इन पाण्डुलिपियों का डिजिटलीकरण होने से न केवल उनकी मूल सामग्री सुरक्षित रह सकेगी, बल्कि शोध, अध्ययन एवं भावी पीढ़ियों के लिए भी ज्ञान का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत उपलब्ध होगा।



जिले में अब तक चिन्हित पाण्डुलिपियों में दिगम्बर जैन मंदिर सिवनी से 70, दिगम्बर जैन मंदिर छपारा से 43, दिगम्बर जैन मंदिर लखनादौन से 14 जैन धर्म संबंधली पाण्डुलिपी प्राप्त हुई है। इसी तरह ग्राम गोहना से 1 कुरान की आयतें तथा डूंडासिवनी के निजी संग्रह से 5 रामचरित मानस की चौपाई की पाण्डुलिपी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 133 पाण्डुलिपियों को जिला पुरातत्व संग्रहालय सिवनी द्वारा डिजिटल संरक्षण की प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में गठित सर्वेक्षण दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर संपर्क, सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के दौरान एडवोकेट इकबाल मोहम्मद खान, सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री डी.एस. श्रीवास्तव, ग्राम गोहना के श्री साहेब मोहम्मद खान सहित विभिन्न जैन मंदिरों के पदाधिकारियों एवं निजी संग्राहकों से संपर्क स्थापित कर पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण किया गया।

### वारासिवनी पुलिस की कार्यप्रणाली निष्क्रिय, लगभग सवा सौ करोड़ की धोखाधड़ी की आशंका

## राजा भाई धोखाधड़ी मामले में निवेशक, पहुंचे एसपी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट में ट्रेडिंग के नाम पर सवा सौ करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। वारासिवनी पुलिस की शिकायत पर सुनवाई न किए जाने से नाराज होकर निवेशकों ने सीधे पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार को निवेशकों ने वारासिवनी के वारा सरपंच राजा अली, मुद्दसर अली, फरहान और उनके साथियों पर केस दर्ज करने और अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की है।**



लगभग आधा दर्जन से अधिक पीड़ित निवेशक एसपी दफ्तर पहुंचे थे। पीड़ित नगेंद्र रंगारे ने बताया कि उन्होंने ट्रेडिंग के नाम पर सात लाख रुपए का निवेश किया था, जबकि उनके साथ आए अन्य निवेशकों की कुल राशि लगभग 60 लाख रुपए है। उनका दावा है कि वारासिवनी और आसपास के इलाकों में कुल मिलाकर करीब सवा सौ करोड़ रुपए का फ्रॉड किया गया है।

निवेशकों ने बताया कि उन्हें ट्रेडिंग कंपनी में पैसा लगाने पर हर महीने 6 प्रतिशत मुनाफा (रिटर्न) दिलाने का भरोसा दिया गया था। आरोपियों ने खुद गारंटी लेते हुए निवेशकों से मोटी रकम जमा करवाई, लेकिन अब जब निवेशक अपना पैसा वापस मांग रहे हैं, तो उन्हें धमकियां दी जा रही हैं।

एक अन्य पीड़ित सुनील पिपरेवार ने कहा कि ट्रेडिंग के नाम पर चूना लगाने वालों के खिलाफ स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस की इस ढिलाई से सभी निवेशक परेशान और गुस्से में हैं। उन्होंने मांग की है कि पुलिस इस करोड़ों के घोटाले पर तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई करे और निवेशकों की डूबी हुई राशि वापस करवाए।

## तेंदुए की सूचना निकली जंगली बिल्ली, वन विभाग ने सुरक्षित कराया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम पंचायत आंवलाझरी के कटिंग टोला में रविवार सुबह तेंदुए के रिहायशी क्षेत्र में घुसने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हालांकि वन विभाग के करीब दो घंटे के प्रयास के बाद स्पष्ट हुआ कि नाली के पाइप में छिपा वन्य प्राणी तेंदुआ नहीं, बल्कि जंगली बिल्ली थी, जिसे सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता देकर जंगल की ओर रवाना किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6:30 बजे ग्राम पंचायत आंवलाझरी के सरपंच श्री अशोक लिल्हारे ने वन विभाग को सूचना दी कि कटिंग टोला स्थित रिहायशी इलाके में नाली के पाइप के भीतर एक तेंदुआ घुस गया है।



सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। इसके साथ ही पुलिस विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई।

वन्य प्राणी एवं स्थानीय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में उप वनमंडल अधिकारी श्रीमती विनिता फूलबेल तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री हिमांशु राय के नेतृत्व में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीम (आरआरटी) और वन अमले ने नाली के पाइप के दोनों सिरों पर पिंजरे लगाए, लेकिन पाइप लंबा होने और भीतर अंधेरा होने के कारण वन्य प्राणी की पहचान नहीं हो सकी।

इसी दौरान वनमंडलाधिकारी दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट श्री नित्यानंदम् एल. भी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कार्य की निगरानी की। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद पाइप के भीतर मौजूद वन्य प्राणी की पहचान जंगली बिल्ली के रूप में हुई।

वन विभाग ने बताया कि जंगली बिल्ली से आम लोगों को कोई विशेष खतरा नहीं था। इसके बाद उसे सुरक्षित बाहर निकलने का अवसर देने के लिए पाइप के दोनों ओर लगाए गए पिंजरे हटा दिए गए और क्षेत्र को खाली कर दिया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर लगभग 12:45 बजे जंगली बिल्ली सुरक्षित रूप से पाइप से बाहर निकली और वनखंड धनसुआ की दिशा में चली गई।

वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से वन्य प्राणी तथा स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। घटना के दौरान क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, लेकिन किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति नहीं बनी।

## बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल का नरसिंहपुर स्थानांतरण, देवेश बाथम ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परिवहन विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी नवीन स्थानांतरण सूची के तहत बालाघाट के जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल का स्थानांतरण नरसिंहपुर कर दिया गया है। साथ ही उन्हें सिवनी जिले के जिला परिवहन अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

स्थानांतरण आदेश के बाद श्री अनिमेष गढ़पाल ने बालाघाट से कार्यमुक्त होकर नरसिंहपुर में पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। उनके कार्यकाल में जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता, परिवहन नियमों के पालन तथा विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए विभिन्न पहलें की गईं।

वहीं सिवनी के जिला परिवहन अधिकारी श्री देवेश बाथम का स्थानांतरण बालाघाट किया गया है। श्री बाथम ने बालाघाट पहुंचकर जिला परिवहन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

श्री देवेश बाथम के पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिले के परिवहन विभाग की प्रशासनिक जिम्मेदारियां अब उनके नेतृत्व में संचालित होंगी। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## अधिवक्ता चुनेन्द्र बघेले ने की बैहर मे सार्वजनिक खेल मैदान मांग!

हरिभूमि न्यूज बैहर।

नगरीय क्षेत्र बैहर में अधिकांश शासकीय जगहों पर धड़ल्ले से हो रहे अतिक्रमण दिन ब दिन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है, यदि यही शासकीय स्थल आगामी भविष्य को देखते हुवे खेल मैदान के लिए आरक्षित कर दिया जाए तो खेल मे रूचि लेने वालो के लिए यही सार्वजनिक स्थल वरदान साबित हो सकती है! जिसको लेकर युवा अधिवक्ता चुनेंद्र बघेले ने स्थायी सार्वजनिक खेल मैदान की मांग को लेकर विगत दिनों नगर परिषद बैहर के अध्यक्ष श्रीमती यशवंती गुड्डा मरकाम के माध्यम से शासन प्रसाशन को एक ज्ञापन सौंपा है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को भी खेल मैदान की उपलब्धता को लेकर विस्तृत चर्चा भी की है! ज्ञापन मे बताया गया है की नगर परिषद क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या एवं नगरीय विस्तार के बीच बच्चों, युवाओं तथा आम नागरिकों के खेलकूद, व्यायाम एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु पर्याप्त सार्वजनिक खेल मैदान का अभाव बना हुआ है। पूर्व में क्षेत्र की निजी खाली भूमि का उपयोग स्थानीय नागरिक खेलकूद एवं सार्वजनिक गतिविधियों के लिए करते थे, किंतु वर्तमान में निजी भूमि पर प्लाटिंग हो जाने के कारण खेल मैदान की समस्या गंभीर हो गई है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कुछ भू माफियाओ के द्वारा नगर क्षेत्र



की अधिकांश शासकीय भूमि पर लगातार अतिक्रमण कर सरकार को क्षति पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है! यदि समय रहते ऐसी भूमि को सार्वजनिक उपयोग हेतु सुरक्षित एवं आरक्षित नहीं किया गया तो भविष्य में स्थायी अतिक्रमण की संभावनाएं चरम पर हो जाएगी, जिससे आमजन एवं आने वाली पीढ़ियों को खेल मैदान के अभाव को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ सकता है! श्री बघेले ने ज्ञापन मे यह भी कहाँ है की, नगरीय क्षेत्र बैहर मे समस्त शासकीय भूमियो का राजस्व अभिलेखों के आधार पर परीक्षण एवं सीमांकन कराया जाए एवं उपयुक्त स्थान को सार्वजनिक खेल मैदान हेतू आरक्षित घोषित कर दिया जाए। साथ ही किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण या भू-उपयोग परिवर्तन पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी श्री बघेल ने की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अधिवक्ता चुनेंद्र बघेले,गणेश प्रसाद धुर्वे, पियूष तोमर, निखिल खरे, हर्ष टेम्भरे , पारस सोनवाने एंव अन्य युवा साथी उपस्थित रहें।

## नगरीय निकाय एवं पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम संशोधित

### अब फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 के पूर्व में जारी कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब प्रारूप मतदाता सूची में दावे-आपत्ति 25 जून तक लिये जायेंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 2 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 27 जुलाई को किया जायेगा। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जुलाई को होना था। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण के लिये निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना सुनिश्चित करें।

## बालाघाट में समान नागरिक संहिता पर मंथन, आमजन से लिए गए सुझाव

### उच्च स्तरीय समिति के सदस्य बुधपाल सिंह ने कहा – सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाना है यूसीसी का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया के तहत सोमवार 15 जून को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में यूसीसी के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य श्री बुधपाल सिंह ने विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से सुझाव एवं विचार प्राप्त किए।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, संयुक्त आयुक्त श्रीमती कविता बाटला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री निहित उपाध्याय, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एम आर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री सुनील वर्मा, श्रीमती मंजूला महोबिया, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता, धार्मिक, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य श्री बुधपाल सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता का प्रावधान भारतीय संविधान के नीति निदेशक तत्वों के अनुच्छेद-44 में किया गया है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए समानता, न्याय



और कल्याण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि गोवा में वर्ष 1870 से समान नागरिक संहिता लागू है और गोवा के 1961 में भारत में विलय के बाद भी यह व्यवस्था जारी रखी गई। वर्तमान में उत्तराखंड, गुजरात और असम जैसे राज्यों में भी यूसीसी लागू है तथा मध्यप्रदेश इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इसे लागू करने वाला चौथा राज्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित व्यवस्था में अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है।

श्री बुधपाल सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण के दौरान भी इस विषय पर व्यापक चर्चा हुई थी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसकी आवश्यकता पर बल दिया था। वर्तमान में विवाह, विवाह विच्छेद, भरण-पोषण, उत्तराधिकार, दत्तक ग्रहण एवं लिव-इन रिलेशनशिप जैसे विषय विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के अंतर्गत आते हैं। यूसीसी का उद्देश्य इन विषयों पर सभी नागरिकों के लिए समान कानूनी व्यवस्था स्थापित करना है, जिससे महिला और पुरुष दोनों को समान अधिकार प्राप्त हो सकें।

### 62 सुपर सीडर और 58 बेलर सहित सैकड़ों आधुनिक उपकरण किसानों के लिए उपलब्ध

## आधुनिक खेती की ओर बढ़ता बालाघाट: 'जे फार्म ऐप' से घर बैठे बुक होंगे कृषि यंत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने और किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा जिले में 'जे फार्म ऐप' (J-Farm App) के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब बालाघाट जिले के किसान घर बैठे ही आधुनिक कृषि यंत्र किराए पर बुक कर सकेंगे। यह सुविधा विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी, जो महंगे कृषि उपकरण खरीदने में सक्षम नहीं हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि जे फार्म ऐप किसानों और कृषि यंत्र मालिकों के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य कर रहा है।

यह प्लेटफॉर्म कैब सेवा की तर्ज पर कार्य करता है, जहां किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार ट्रैक्टर, सुपर सीडर, बेलर, रोटावेटर, कल्टीवेटर सहित अन्य कृषि उपकरण किराए पर प्राप्त कर सकते हैं। इससे खेती की लागत कम होने के साथ-साथ समय की भी बचत होगी।

जिले में वर्तमान में इस ऐप पर बड़ी संख्या में आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध हैं। किसानों के लिए 62 सुपर सीडर तथा 58 बेलर मशीनें पंजीकृत हैं। इसके अलावा जुताई, बुआई और कटाई से संबंधित अनेक आधुनिक उपकरण भी बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। जे फार्म ऐप का उपयोग करना बेहद सरल है। किसान अपने एंड्रॉयड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से जे फार्म ऐप डाउनलोड कर मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसके बाद जिला, विकासखंड और गांव की जानकारी दर्ज कर अपने क्षेत्र में उपलब्ध कृषि यंत्रों की सूची देख सकते हैं। आवश्यक यंत्र का चयन कर किराया, तिथि और समय निर्धारित करते हुए ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। बुकिंग स्वीकार होने पर संबंधित यंत्र मालिक की जानकारी किसान को उपलब्ध करा दी जाती है और निर्धारित समय पर मशीन खेत तक पहुंच जाती है।

जिन किसानों के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं हैं, वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या कृषि मित्र की सहायता से भी कृषि यंत्रों की बुकिंग करा सकते हैं।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि जे फार्म ऐप जैसी डिजिटल पहल कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों की उत्पादन लागत कम करने और आधुनिक तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। जिले में इस सुविधा के विस्तार से अधिकाधिक किसान आधुनिक कृषि उपकरणों का लाभ लेकर खेती को अधिक लाभकारी बना सकेंगे। जिले में वर्तमान में कुल 84 सुपर सीडर मशीनें है, लेकिन इनमें से 62 सुपर सीडर मालिक ही जे फार्म एप पर उपलब्ध है।

### वायु सेना के हेलिकॉप्टर का लैंडिंग का ट्रायल:21 जून को नीट-यूजी पेपर आएंगे

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में आगामी 21 जून को होने वाली नीट-यूजी (NEET-UG) की दोबारा परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए इस बार प्रश्नपत्र भारतीय वायुसेना के हेलिकॉप्टर से सीधे जिले में लाए जाएंगे। इसी सिलसिले में सोमवार को वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर ने बालाघाट में लैंडिंग का ट्रायल भी किया। इससे पहले 3 मई को हुई नीट-यूजी परीक्षा का पेपर लीक हो जाने के बाद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) ने उसे रद्द कर दिया था। इस घटना से दुखी होकर अब तक छह छात्र-छात्राएं खुदकुशी जैसा आत्मघाती कदम उठा चुके हैं। वहीं, इस पूरे मुद्दे को लेकर देश भर में विरोध-प्रदर्शनों का दौर जारी है, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की जा रही है। इस बार परीक्षा को पूरी तरह सुरक्षित और निष्पक्ष कराने के लिए भारत सरकार ने सेना की मदद ली है। प्रश्नपत्रों को सुरक्षित ढंग से जिलों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी वायुसेना के हेलिकॉप्टरों को सौंपी गई है। सोमवार की सुबह वायुसेना का एक हेलिकॉप्टर बालाघाट पहुंचा। इसने यहां पुलिस लाइन हेलीपैड पर सुरक्षित ढंग से उतरने का अभ्यास किया और तुरंत उड़ान भरकर वापस लौट गया।

### ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई गुहार' बारिश में बेघर हो जाएंगे

## बोनकट्टा में ग्रामीणों को मिला अतिक्रमण का नोटिस

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के ग्राम बोनकट्टा में शासकीय भूमि पर 50 साल से काबिज करीब 50 परिवारों में से 27 परिवारों पर बेदखली का खतरा मंडरा रहा है। खसरा नंबर 217 की शासकीय भूमि पर बसे इन परिवारों में से 4 लोगों को रविवार शाम करीब 06 बजे तिरोड़ी तहसील कार्यालय से अतिक्रमण हटाने का नोटिस थमा दिया गया है। जबकि राजस्व विभाग ने खुद इस भूमि पर 27 अतिक्रमण चिन्हित किए हैं। नोटिस मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर ढाई बजे कटंगी एसडीएम के.सी. ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई से राहत देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश सिर पर है, ऐसे में अचानक कार्रवाई हुई तो पूरा परिवार बेघर हो जाएगा। खसरा नंबर 217 की शासकीय भूमि पर गांव के करीब 50 परिवार पिछले 5 दशक से मकान बनाकर रह रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इसी शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत के द्वारा केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई ग्रामीणों को आवास भी आवंटित किए गए हैं। यानी पंचायत ने खुद शासकीय भूमि पर पीएम आवास बनवाए। अब उसी भूमि को अतिक्रमण बताकर तहसील प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नोटिस जारी करने की पूरी कार्रवाई भेदभाव से भरी है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिन 27 लोगों को तहसीलदार ने नोटिस जारी करने के लिए चिन्हित किया है, उन सभी ने करीब 2 माह पूर्व ही अवैध कब्जे का जुर्माना राजस्व विभाग में जमा करवाया था। जुर्माना लेने के बाद अब बेदखली का नोटिस देना समझ से परे है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर प्रशासन को अतिक्रमण हटाना ही है तो पहले उन्हें कहीं और बसाए, पट्टा दे, मुआवजा दे। खाली हाथ सड़क पर फेंक देना न्याय नहीं है।

### एसडीएम को ज्ञापन, बारिश में कहां जाएंगे-

नोटिस से परेशान ग्रामीण सोमवार दोपहर ढाई बजे कटंगी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के.सी. ठाकुर के कार्यालय पहुंचे। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते वक्त गणेश निमजे, राजकुमार, संतोष, रविन्द्र निमजे, सुरेन्द्र, गजानंद, राजेश, सालिकराम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि हम करीब 5 दशक से इस शासकीय भूमि पर निवास कर रहे हैं। हमारे मकान यहीं बने हैं। बच्चों की पढ़ाई, रोजी-रोटी सब यहीं से चलती है। गांव के किसी भी व्यक्ति को हमारे रहने से कोई परेशानी नहीं है। अब आगे बारिश



का मौसम है। अगर प्रशासन अचानक से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर देगा तो हमारा पूरा परिवार बेघर हो जाएगा। छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सड़क पर आ जाएंगे। ग्रामीणों ने एसडीएम से मानवीय आधार पर कार्रवाई रोकने और उन्हें यहीं बसाने की मांग की।

### बिना सीमांकन दिए नोटिस, ग्राम सभा के बाद शुरू हुई कार्रवाई-

इस पूरे मामले की शुरुआत 10 जून को हुई। 10 जून को बोनकट्टा में सरपंच की मौजूदगी में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा में पंचायत ने तालाब की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद पंचायत ने तिरोड़ी तहसीलदार के समक्ष अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन पेश किया। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि आवेदन मिलते ही उसी दिन तहसील कार्यालय से बिना तालाब की भूमि का सीमांकन किए, बिना मौके की जांच किए, ग्रामीणों को नोटिस जारी कर दिए गए। बिना सीमांकन नोटिस जारी होने से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। उनका कहना है कि पहले तय तो हो कि तालाब की जमीन कितनी है और आबादी कितनी है। आंख बंद कर नोटिस देना गलत है।

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाया जा सकता है। लेकिन इसके लिए नियत प्रक्रिया है। पहले सीमांकन, फिर सुनवाई, फिर बेदखली का आदेश। साथ ही, 1984 से पहले के अतिक्रमणों को लेकर शासन की नीति अलग है। कई बार ऐसे मामलों में व्यवस्थापन या पट्टा देने का प्रावधान भी है।

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra, Teh. Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ENGINEERING
PHARMACY
AGRICULTURE
ADMISSION OPEN 2026-27
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) 9174192111, 9174202111